/font>

Title: Need to issue commemorative stamp on the occasion of 300th Anniversary of Takht Sanchkhand Shri Hujoor Sahib Gurudwara being celebrated at Nanded, Maharashtra.

**श्री शिवाजी माने (हिंगोली) :** सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र हिंगौली के नांदेड़ में तख्त सचखंड श्री हजूर साहेब गुरूद्वारा की 300वीं वर्गांठ का कार्यक्रम इसी वर्ा में आयोजित होने वाला है, जिसमें विश्व के सिक्ख प्रतिनिधि और तीर्थयात्री इस आयोजन में भाग लेने हेतु आने वाले हैं। यह पर्व केवल भारत का ही नहीं अपितु पूरे ि वश्व का है। दक्षिण में यह सिक्खों का प्रसिद्ध गुरूद्वारा और तीर्थ स्थल है जिसको सरकार द्वारा आदर दिया जाना चाहिए। इस संबंध में सिक्ख संप्रदाय ने मांग की है कि इस शुभ अवसर पर गुरूद्वारा के चित्र का एक डाक टिकट जारी किया जाना चाहिए। मेरी जानकारी में आया है, कई धार्मिक संस्थाओं एवं तीर्थस्थलों पर भी डाक टिकट जारी किये गये हैं।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि तख्त सचखंड श्री हजूर साहेब गुरूद्वारा की 300वीं वर्गांठ के अवसर पर सिक्खों के प्रति आदर रखते हुए एक डाक टिकट जारी किया जाये।